# SUMMATIVE ASSESSMENT - I - 2016 - 2017

## Second Language - HINDI

**PART - A & B**

**Class : X ]** **(Max. Marks : 80)** **[ Time : 2.45 mts.**

---

**Marks : 60 ]** **PART - A**

*सूचना :-* 1) **प्रश्न – पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनिट निर्धारित है ।**

2) **भाग - A के लिए (2) घंटे निर्धारित हैं ।**

3) **भाग - A के प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।**

**I. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए । प्रत्येक उपभाग (1, 2, 3, 4) के लिए पाँच अंक निर्धारित हैं ।**

**1. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।**

हिन्दी एक ऐसी भाषा है जो भारतीयों की सासों में बसी है । यह सबकी संस्कृति, सभ्यता व गरिमा का प्रतीक है । गाँधीजी ने अपना जीवन देश की स्वतंत्रता के साथ-साथ हिन्दी की सेवा में समर्पित कर दिया था । अब हिन्दी न केवल भारत की बल्कि विश्व की भाषा बन चुकी है । संसार के विविध क्षेत्रों में हिन्दी करोड़ों लोगों की जीविका बन चुकी है ।

**प्रश्न :-** **5 x 1 = 5**

1. भारतीयों के सासों में बसी भाषा क्या है ?
2. हिन्दी भाषा किसकी प्रतीक है ?
3. संसार में हिन्दी भाषा की स्थिति क्या है ?
4. आजकल हिन्दी कितने लोगों की जीविका बन चुकी है ?
5. यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

**2. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में चुनकर लिखिए ।**

पर्वत प्रकृति की संपदा है । पहाड़ों के बडे – बडे पेड अनेक प्रकार की वनस्पतियाँ आदि देश की संपत्ति बढ़ाते है । घने जंगल प्रायः पर्वतों के पास ही रहते है । भारत में अनेक पर्वत मालाएँ है । इस देश की चारों दिशाओं में पर्वत है । इनमें हिमालय, विंध्याचल पूरब की घाटियाँ, पश्चिम की घाटियाँ, सात्पुडा पहाड आदि उल्लेखतीय है ।

**प्रश्न :-** **5 x 1 = 5**

1. पर्वत किसकी संपदा है ? [ ]

A) सागर की B) प्रकृति की C) आसमान की D) वायु की

2. पहाडों के पेड और वनस्पतियाँ किसकी संपत्ति बढ़ाती है ? [ ]

A) देश की B) राज्य की C) विदेश की D) पर्वतों की

3. घने जंगल प्रायः कहाँ रहते है ? [ ]

A) सागर के पास B) नदी के पास
C) तालाब के पास D) पर्वतों के पास

4. किस देश की चारों दिशाओं में पर्वत है ? [ ]

A) अमेरिका B) जापान C) भारत D) पाकिस्तान

5. यह गद्यांश किसके बारे में है ? [ ]

A) पर्वत B) नदी C) सागर D) चंद्रमा

**3. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।**

उलझन में उलझे लोगों को, तथ्य दीप समझायेंगे ।
भटक रहे जो जीवन पथ से, उनको राह दिखायेंगे ।।
हम खुशियों के दीप जला, जीवनज्योत जलायेंगे ।
हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे ।

**प्रश्न :-** **5 x 1 = 5**

1. तथ्य दीप हम किसे समझायेंगे ?
2. जीवन पथ से भटकने लोगों को क्या दिखाएँगे ?
3. हम जीवन ज्योत किससे जलाएँगे ?
4. भारतवासी किसे पावन धाम बनाएँगे ?
5. इस पद्यांश की कवि कौन है ?

**4. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों का उत्तर विकल्पों में चुनकर लिखिए ।**

भारत माता का मंदिर यह
समता का संवाद जहाँ
सब का शिव कल्याण यहाँ है
पावे सभी प्रसाद यहाँ
जाति धर्म या संप्रदाय का
नहीं भेद व्यवधान यहाँ

**प्रश्न :-** **5 x 1 = 5**

1. यह किसका मंदिर है ? [ ]

A) राम का B) कृष्ण का C) भारतमाता का D) लक्ष्मी का

2. समता का संवाद कहाँ है ? [ ]

   A) भारत में B) रुस में C) चीन में D) श्रीलंका में

3. भारत में किसका व्यवधान नहीं है ? [ ]

   A) धन संपत्ति B) जाति - धर्म
   C) ऊँच - नीच D) अमीर - गरीब

4. माता शब्द का लिंग बदलिए । [ ]

   A) भाई B) दादा C) चाचा D) पिता

5. इस पद्यांश का उचित शीर्षक क्या है ? [ ]

   A) भारत माता का मंदिर B) गंगा माता का मंदिर
   C) विश्व का मंदिर D) असमता का मंदिर

**II. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए । 6 x 3 = 18**

5. आर. पी. निशंक के बारे में आप क्या जानते है ?

6. बरसते बादल कविता में किन - किन जीवजंतुओं का वर्णन किया है ?

7. 'ईदगाह' कहानी से क्या संदेश मिलता है ?

8. लोकगीतों की भाषा कैसे होते है ?

9. शांति की परिभाषा क्या हो सकती है ? अपने शब्दों में बताइए ।

10. मदर तेरेसा ने अपने जीवन में क्या सिद्ध कर दिखाया है ?

**III. किसी एक प्रश्न का उत्तर छः या आठ पंक्तियों में लिखिए । 6**

11. सावन के महीने का वर्णन पंतजी ने कैसे किया ? अपने शब्दों में लिखिए ।

12. "श्रमिकों की उन्नति ही देश की उन्नति है" । इस कथन पर प्रकाश डालिए ।

**IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर छः या आठ पंक्तियों में लिखिए । 6**

13. "भारतीय संस्कृति लोकगीतों में झलकती है ।" कैसे ?

14. हामिद पात्र के द्वारा प्रेमचंद ने क्या सिध्द की ? अपने शब्दों में लिखिए ।

**V. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।** **5**

15. विहारयात्रा पर जाने के लिए तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

16. बहन की शादी पर आमंत्रित करते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए ।

**VI. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए ।** **5**

17. आपके मनपसंद त्यौहार का वर्णन कीजिए ।

18. वृक्ष मानव जीवन का आधार है । अपने शब्दों में लिखिए ।

# SUMMATIVE ASSESSMENT - I - 2016 - 2017
## Second Language - HINDI
## Part - B

**Class : X ]** **(Max. Marks : 20)**

**Name of the Student : ................................ Roll No : ............... Section : ...............**

| शैक्षिक मापदंड | अर्थग्राह्यता – प्रतिक्रिया | अभिव्यक्ति सृजनात्मकता | | भाषा की बात | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वरचना | सृजनात्मकता | | |
| कुल अंक | 20 | 30 | 10 | 20 | 80 |
| प्राप्तांक | | | | | |
| श्रेणी | | | | | |

***सूचना :–*** 1) **भाग - B प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न पत्र में ही लिखिए ।**
2) **भाग - B के लिए $\frac{1}{2}$ घंटे निर्धारित है ।**

***विशेष सूचना :–*** 1) **सभी प्रश्नों के लिए समान अंक निर्धारित है ।**
2) **प्रश्नों के उत्तर सामने दिये गये कोष्ठक में लिखिए ।**
3) **काटे हुए या बदले हुए उत्तरों को अंक नहीं दिये जायेंगे ।**

**सूचना :– सही उत्तर का अक्षर कोष्ठक में लिखिए ।** **20 x 1 = 20**

1. दिन की रोशनी में काम करना है ।
**(रेखांकित शब्द का अर्थ पहचान कर लिखिए ।)** [ ]
A) तमस B) श्याम C) प्रकाश D) अंधेरा

2. मैं ने हसना सीखा है । **(रेखांकित शब्द का विलोम शब्द लिखिए ।)** [ ]
A) सोना B) रोना C) खाना D) लाना

3. श्रावण के बादल वर्षा करते है ।
**(रेखांकित शब्द का तद्भव रुप पहचानिए ।)** [ ]
A) रावण B) गगन C) भावन D) सावन

4. रावण ने हनुमान का अपमान किया ।
**(रेखांकित शब्द में उपसर्ग पहचानिए ।)** [ ]
A) अप B) अ C) मान D) न

5. श्रम ही सफलता की कुँजी है ।
**(रेखांकित शब्द में प्रत्यय पहचानिए ।)** [ ]

A) स B) लता C) ता D) आ

6. देवालय एक पवित्र स्थल है ।
**(रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए ।)** [ ]

A) देवा + लय B) देव + आलय C) देवे + लाय D) देवाल + य

7. रक्षाबंधन भाई-बहन का त्यौहार है ।
**(रेखांकित शब्द का समास पहचानिए ।)** [ ]

A) द्विगु B) तत्पुरुष C) बहुव्रीही D) द्वन्द्व

8. '$1\frac{1}{2}$' को हिन्दी अक्षरों में पहचानिए । [ ]

A) पौना B) साढ़े C) डेढ़ D) पौने दो

9. स्वामी विवेकानंद एक महान व्यक्ति है ।
**(व्याकरण की दृष्टि से रेखांकित शब्द क्या है ?** [ ]

A) संज्ञा B) सर्वनाम C) क्रिया D) विशेषण

10. भारत हमारा देश है । **(सर्वनाम शब्द पहचानिए ।)** [ ]

A) भारत B) देश C) हमारा D) है

11. मोर सुंदर पक्षी है । **(विशेषण शब्द पहचानिए ।)** [ ]

A) मोर B) सुंदर C) पक्षी D) है

12. सुशीला जी मन पसंद गीत गाती है । **(क्रिया पहचानिए ।)** [ ]

A) सुशीला B) मनपसंद C) गीत D) गाती

13. महाराणा का घोडा तेज दौडता है । (क्रिया विशेषण पहचानिए ।) [ ]

A) महाराणा B) घोडा C) तेज D) दौडता

14. महान पंडित आपका स्वागत है । **(स्त्रीलिंगित रुपी वाक्य पहचानिए ।)** [ ]

A) महान पंडिता आपकी स्वागत है ।

B) महान पंडिताइन आपकी स्वागत है ।

C) महान पंडिते आपकी स्वागत है ।

D) महान पंडिती आपकी स्वागत है ।

15. मनोहर की माँ रोटी बनाती है । **(बहुवचन वाक्य पहचानिए ।)** [ ]

A) मनोहर की माँ रोटा बनाती है ।

B) मनोहर की माँ रोटो बनाती है ।

C) मनोहर की माँ रोटे बनाती है ।

D) मनोहर की माँ रोटियाँ बनाती है ।

16. हम भारत _______ वासी है । **(उचित कारक चिह्न पहचानिए ।)** [ ]

A) के B) को C) की D) का

17. शुध्द रूप पहचानिए । [ ]

A) मैं शाम को खेलता है । B) मैं शाम को खेलते हो ।

C) मैं शाम को खेलता हूँ । D) मैं शाम की खेलता हैं ।

18. सही क्रमवाला वाक्य पहचानिए । [ ]

A) अमीना का स्नेह क्रोध बदल में गया तुरंत

B) अमीना का क्रोध तुरंत स्नेह में बदल गया

C) तुरंत अमीना का स्नेह बदल गया में क्रोध

D) अमीना का क्रोध तुरंत बदल स्नेह में गया

19. मैं आज तिरुपति जाता हूँ । **(काल पहचानिए ।)** [ ]

A) भूतकाल B) भविष्यत काल C) पूर्ण भूतकाल D) वर्तमानकाल

20. परीक्षा फल देखने के बाद मेरा दिल बैठ गया ।
**(रेखांकित मुहावरे का अर्थ पहचानिए ।)** [ ]

A) उत्साह हीन होना B) दिखाई देना

C) परिहास करना D) नजर आना